# राष्ट्रीय डॉक्टर्स-डे विशेष



## हजेला हॉस्पिटल, भोपाल स्वास्थ्य सेवाओं, गुणवत्ता एवं सतत विकास के 31 वर्ष

भोपाल में स्वास्थ्य सेवाओं की बात हो और हजेला हॉस्पिटल का नाम न आए, ऐसा संभव नहीं। वर्ष 1995 में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनूप हजेला द्वारा स्थापित हजेला हॉस्पिटल ने पिछले 31 वर्षों में गुणवत्तापूर्ण, किफायती और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। शहर के पहले मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के रूप में स्थापित इस संस्थान ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक, उत्कृष्ट उपचार व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं के समन्वय से हजारों परिवारों का विश्वास अर्जित किया है।

हजेला हॉस्पिटल ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कई नई पहल करते हुए अनेक उपलब्धियां अपने नाम की हैं। यह प्रदेश का पहला एनएबीएच मान्यता प्राप्त स्मॉल हेल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशन (एसएचसीओ) बना। इसके साथ ही यह मध्यप्रदेश का पहला ग्रीन सर्टिफाइड हॉस्पिटल भी है। भोपाल में सबसे पहले रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी और प्रदेश में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू कर अस्पताल ने आधुनिक चिकित्सा की दिशा में नए मानक स्थापित किए। जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के क्षेत्र में भी यह अस्पताल अग्रणी रहा है तथा पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं हेल्थ एंड एनवायरमेंट लीडरशिप प्लेटफॉर्म (एच.ई.एल.पी.) द्वारा मध्यप्रदेश के पहले क्लाइमेट-रेजिलिएंट एवं सस्टेनेबल हॉस्पिटल के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है।



अस्पताल में आधुनिक आईसीसीयू, एनआईसीयू, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सिस्टम, कॉक्लियर इम्प्लांट सुविधा, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सेवाएं, हाई-टेक ईएनटी सेंटर तथा आईवीएफ सेंटर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सेवाओं के माध्यम से मरीजों को एक ही परिसर में समग्र और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

हजेला हॉस्पिटल की उत्कृष्ट सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक सम्मान मिला है। वर्ष 2018 में एफआईसीसीआई मध्यप्रदेश द्वारा बेस्ट हॉस्पिटल (एसएचसीओ श्रेणी) का पुरस्कार, कोविड-19 महामारी के दौरान उल्लेखनीय योगदान के लिए कोरोना वॉरियर अवॉर्ड, भोपाल नगर निगम द्वारा क्लीनेस्ट हॉस्पिटल अवॉर्ड, सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) द्वारा पेशेंट फ्रेंडली हॉस्पिटल, एम्प्लॉयी सेंट्रिक हॉस्पिटल, एक्सीलेंस इन नर्सिंग प्रैक्टिसेस तथा वर्ष 2026 में एक्सीलेंस इन हॉस्पिटल ऑपरेशंस (क्लिनिकल) जैसे



प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा एम्स भोपाल द्वारा फार्माकोविजिलेंस में पेशेंट सेफ्टी चैंपियन के रूप में लगातार दो वर्षों तक सम्मानित किया गया। वर्ष 2026 में दैनिक भास्कर समूह ने डॉ. अनूप हजेला को 'हेल्थकेयर लीजेंड ऑफ भोपाल' सम्मान से नवाजा, जबकि एच.ई.एल.पी. इंटरनेशनल हेल्थ एंड एनवायरमेंट लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में अस्पताल को सस्टेनेबिलिटी एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया।

हजेला हॉस्पिटल की सफलता के केंद्र में इसके संस्थापक एवं निदेशक डॉ. अनूप हजेला का दूरदर्शी नेतृत्व रहा है। विदेश में 11 वर्षों तक चिकित्सा सेवाएं देने के बाद वे भारत लौटे और विश्वस्तरीय लेकिन किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। आज वे एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, यूनाइटेड डॉक्टर्स फेडरेशन, भोपाल के अध्यक्ष, क्वालिटी प्रमोशन एंड एडवाइजरी काउंसिल के अध्यक्ष, एनएबीएच एंबेसडर फॉर क्लाइमेट चेंज रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी, पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के स्टेट हेल्थ एंड एनवायरमेंट लीडरशिप प्लेटफॉर्म के अध्यक्ष सहित अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी हजेला हॉस्पिटल ने अपनी कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया है। ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और हरित अस्पताल की अवधारणा को अपनाते हुए अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं को पर्यावरणीय जिम्मेदारी से जोड़ा है। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत मध्यप्रदेश में 16 हजार से अधिक फलदार पौधों का वितरण एवं रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी संदेश दिया गया है। '31 वर्षों से भरोसे के साथ सेवा' के संकल्प को आत्मसात किए हजेला हॉस्पिटल आज भी सुरक्षित, किफायती, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए समाज को स्वस्थ और सतत भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

**हजेला हॉस्पिटल, भोपाल**

**गीतांजली काम्प्लेक्स माता मंदिर चौराहे के पास कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल म.प्र. फोन नं. 0755-2773393**



## डॉ. रंजीत चौधरी : अनुभव, विशेषज्ञता एवं समर्पण का पर्याय

स्वास्थ्य सेवाओं में किसी चिकित्सक की पहचान केवल उसकी डिग्री या अनुभव से नहीं, बल्कि मरीजों के विश्वास, उपचार की गुणवत्ता और सेवा के प्रति समर्पण से बनती है। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. रंजीत चौधरी ने इन्हीं मूल्यों को अपनी चिकित्सा यात्रा का आधार बनाया है। दो दशक से अधिक के अनुभव के साथ उन्होंने हजारों मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद दी है। आधुनिक तकनीक, सटीक निदान और मरीज-केंद्रित उपचार पद्धति ने उन्हें प्रदेश के अग्रणी यूरोलॉजिस्टों में स्थापित किया है।

डॉ. चौधरी ने भारत के प्रतिष्ठित बी. जे. मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद से जेनिटो-यूरिनरी सर्जरी में उच्च प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने अहमदाबाद स्थित आईकेडीआरसी एवं आईटीएस से किडनी प्रत्यारोपण का विशेष प्रशिक्षण हासिल किया। वे मध्यप्रदेश के चुनिंदा यूरोलॉजिस्टों में शामिल हैं, जिन्होंने एंड्रोलॉजी में फेलोशिप प्राप्त की है। उनकी विशेषज्ञता एंडो-यूरोलॉजी, लैप्रोस्कोपिक यूरोलॉजी, यूरो-ऑन्कोलॉजी, किडनी प्रत्यारोपण, मूत्रनलिका पुनर्निर्माण सर्जरी, महिला एवं बाल यूरोलॉजी तथा पुरुष स्वास्थ्य से जुड़े जटिल रोगों के उपचार तक विस्तृत है।



वर्ष 2015 में उन्होंने भोपाल में लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से लगभग 15म11 सेंटीमीटर आकार के विशाल एड्रिनल ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस ऐतिहासिक सर्जरी को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-2016 में स्थान मिला। यह उपलब्धि उनकी सर्जिकल दक्षता और आधुनिक तकनीकों पर उनकी मजबूत पकड़ का प्रमाण है। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उनके अनेक शोधपत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे ब्रिटिश मेडिकल जर्नल और सऊदी जर्नल ऑफ किडनी डिजीज एंड ट्रांसप्लांटेशन जैसी प्रतिष्ठित चिकित्सा पत्रिकाओं के समीक्षक भी हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनवरी 2021 में उन्होंने अपने माता-पिता के आशीर्वाद से अरिहंत किडनी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्थापना की। आज यह संस्थान मध्यप्रदेश में यूरोलॉजी एवं किडनी रोगों के उपचार का एक विश्वसनीय केंद्र बन चुका है। अस्पताल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सक की पूर्णकालिक उपलब्धता, अत्याधुनिक जांच सुविधाएं और आधुनिक शल्य चिकित्सा सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हैं। अस्पताल परिसर में ही डॉ. रंजीत चौधरी का निवास होने से भर्ती मरीजों को किसी भी समय उनकी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो जाती हैं।

अस्पताल में प्रोस्टेट संबंधी रोगों का आधुनिक दवाओं, दूरबीन पद्धति और यूरोलिफ्ट जैसी उन्नत तकनीकों से उपचार किया जाता है। गुर्दे, मूत्रवाहिनी और मूत्राशय की पथरी का इलाज दूरबीन पद्धति अथवा बिना ऑपरेशन के ईएसडब्ल्यूएल (लिथोट्रिप्सी) तकनीक से किया जाता है। मूत्रनलिका के सिकुड़न, किडनी, मूत्राशय, प्रोस्टेट तथा एड्रिनल ग्रंथि से जुड़े जटिल रोगों का सफल उपचार भी यहां नियमित रूप से किया जाता है। अस्पताल में यूरो-ऑन्कोलॉजी के अंतर्गत मूत्राशय, प्रोस्टेट, गुर्दे और एड्रिनल ग्रंथि के कैंसर का समग्र प्रबंधन उपलब्ध है।

महिला यूरोलॉजी के अंतर्गत मूत्र असंयम, फिस्टुला तथा अन्य जटिल समस्याओं का उपचार किया जाता है। बाल यूरोलॉजी में जन्मजात मूत्र एवं गुर्दा संबंधी विकारों की आधुनिक शल्य चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। एंड्रोलॉजी विभाग में पुरुष बांझपन, इरेक्टाइल डिसफंक्शन, शीघ्रपतन, हार्मोनल असंतुलन तथा अन्य यौन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श और उपचार प्रदान किया जाता है।

अस्पताल में एनएबीएच मानकों के अनुरूप सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, हाई-डेफिनिशन कैमरा सिस्टम, आधुनिक सी-आर्म मशीन, अत्याधुनिक पैथोलॉजी, डिजिटल रेडियोग्राफी, सोनोग्राफी, यूरोफ्लोमेट्री, ईको-कार्डियोग्राफी तथा आधुनिक डायलिसिस यूनिट जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रशिक्षित विशेषज्ञों की देखरेख में मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क उपचार तथा सभी प्रमुख इंश्योरेंस कंपनियों और टीपीए के माध्यम से कैशलेस इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है।

आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञता, मानवीय व्यवहार और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं के कारण अरिहंत किडनी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने हजारों मरीजों का विश्वास अर्जित किया है। डॉक्टर्स डे के अवसर पर यह संस्थान अपने उस संकल्प को दोहराता है, जिसके केंद्र में मरीज की सुरक्षा, सम्मान, विश्वास और सर्वोत्तम उपचार है। यही समर्पण डॉ. रंजीत चौधरी और उनकी टीम को प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में विशिष्ट पहचान प्रदान करता है।

**अरिहंत किडनी एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

**खसरा नं. 168, अकबरपुर, विनीत कुंज, मानशिवा कॉम्प्लेक्स के पास, कोलार रोड, भोपाल (मध्यप्रदेश) - 462042 दूरभाष: 0755-4952892, 9039292202**


**जिले के सभी स्वास्थ्यकर्मी साथियों को डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं**



**डॉ. सुरेन्द्र मित्तल**
**सी.बी.एम.ओ.**
**खुजनेर, जिला राजगढ़ (म.प्र.)**

CIMS CAREER INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
**CIMS (कॅरियर) अस्पताल**
भेल दशहरा मैदान के सामने, गोविन्दपुरा, भोपाल
NABH

**कैंसर का संपूर्ण इलाज एक ही अस्पताल में**

- सर्जरी
- कीमोथैरेपी
- रेडिएशन (सिकाई)



| C.T. SCAN | X-RAY | M.R.I. | MAMMOGRAPHY |
|---|---|---|---|
| Starts at ₹950 | Starts at ₹250 | Starts at ₹2450 | Starts at ₹500 |

PARAMEDICAL PROGRAMMES
BPT | MPT | BMLT | DMLT | BMRIT | DDT

Helpline: 9303700498, 9522982211, 7089484848

NABH | ISO 9001:2015
NABH & NABL and ISO Certifications
Chirayu Medical College & Hospital
सफ़ल कैंसर इलाज के 10 वर्ष



**बोन मैरो ट्रांसप्लांट व जाँच**
अब चिरायु, भोपाल में

ब्लड कैंसर और खून की गंभीर बीमारियों से जीतना संभव है। चिरायु हॉस्पिटल में अब उपलब्ध है विश्वस्तरीय और किफायती बोन मैरो ट्रांसप्लांट ताकि हर मरीज़ को मिले स्वस्थ जीवन का अवसर।



**डॉ. निपुण माधव**
क्लीनिकल हेमेटोलॉजिस्ट
(Haematology and Bone Marrow Transplant Physician)

**रक्त संबंधी गंभीर बीमारियों के लिए अत्याधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएँ:**
• ब्लड कैंसर • थैलेसीमिया • सिकल सेल एनीमिया
• एप्लास्टिक एनीमिया • मल्टीपल मायलोमा • अन्य गंभीर प्रतिरक्षा और आनुवंशिक रोग

**क्यों चुनें चिरायु BMT सेंटर?**
• पूर्णतः संक्रमण-मुक्त BMT यूनिट • अनुभवी व समर्पित टीम
• उच्च सफलता दर • ट्रांसप्लांट से पहले और बाद में मरीज़ की सम्पूर्ण देखभाल • किफायती व सुलभ इलाज

**आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी तरह के कैंसर का मुफ़्त इलाज।**

**चिरायु कैंसर हॉस्पिटल**
CHIRAYU CANCER HOSPITAL
जहां ज़िंदगी जीते
A UNIT OF CHIRAYU CHARITABLE FOUNDATION

बैरागढ़ के पास, भोपाल | Ph: 90398 20664, 0755-2709123/124
Email: cancercare@cmchbhopal.com | Website: www.cmchbhopal.com

सीजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआई, भेल, रेलवे, केंद्रीय जेल, पीएचक्यू, टीपीए, भोपाल गैस राहत, वेस्टर्न कोल फ़ील्ड्स सम्बन्धी व सभी इंश्योरेंस और मेडिक्लेम धारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा।

Aquarius